सांवरे सलोने जैसा यार मिल गया भजन लिरिक्स

सांवरे सलोने जैसा यार मिल गया,
जीवन को जीने का आधार मिल गया,
साँवरे सलोने जैसा यार मिल गया।bd।

मोती को सीप जैसे नाव को किनारा,
ऐसा मिला है मुझको श्याम का सहारा,
भटके जैसे राही को एक सार मिल गया,
साँवरे सलोने जैसा यार मिल गया।bd।

दूर ये सफर है बड़ा चलना कठिन है,
पथ पथरीले सारे संभलना कठिन है,
अँधेरी डगर पर वो हर बार मिल गया,
साँवरे सलोने जैसा यार मिल गया।bd।

जीवन की नैया मजधार में पड़ी थी,
बिच भंवर को रोके मुसीबत खड़ी थी,
डूबे एक माझी को पतवार मिल गया,
साँवरे सलोने जैसा यार मिल गया।bd।

'धीर' क्या छुपा है मन में सब जानता है,
हालात क्या है मेरे पहचानाता है,
मेरे हर बुलावे पे तैयार मिल गया,
साँवरे सलोने जैसा यार मिल गया।bd।

सांवरे सलोने जैसा यार मिल गया,
जीवन को जीने का आधार मिल गया,
साँवरे सलोने जैसा यार मिल गया।bd।

Singer & Writer – Dheerendra Gupta 'Dheer'

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com